<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–13.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू समेत देश की 96 लोकसभा सीटों के लिए सवेरे 7 बजे से मतदान शुरू, शांतिपूर्ण और हिंसारहित चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।

2. राज्य में चार सीटों के लिए आज हो रहे चुनाव में 64 लाख 38 हजार से ज्यादा मतदाता करेंगे वोट, बनाए गए हैं सात हजार पाच सौ पंचानबे मतदान केन्द्र।

3. झारखंड में चौथे चरण में 45 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का आज होगा फैसला, नौ महिलाएं भी पेश कर रही हैं दावेदारी।

4. सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर आज होगी सुनवाई, रांची जमीन घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी को दी है चुनौती।

5. पलामू के मनातू में एक कबाड़ी दुकान में हुए विस्फोट में तीन बच्चों समेत चार की मौत, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इस घटना पर जताया शोक।

***************

चौथे चरण में राज्य के लोहरदगा, खूंटी, सिंहभूम और पलामू समेत देश भर के 96 लोकसभा सीटों के लिए सवेरे सात बजे से वोट डाले जा रहे हैं। शाम पांच बजे तक मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। जिन मतदाताओं के पास फोटोयुक्त पहचान पत्र नहीं है, वे भी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित अन्य ग्यारह पहचान पत्र के आधार पर भी वोट कर सकते हैं। राज्य में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और हिंसा रहित चुनाव के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पुलिस महानिरीक्षक ऑपरेशन ए वी होमकर ने बताया कि सभी मतदान केंद्र पर सुरक्षा बलों के जवान मौजूद हैं।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर हो रहे मतदान में लोगों से बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की है। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया है कि इन सभी सीटों पर लोग भारी संख्या में मतदान करेंगे, जिसमें युवा और महिला वोटर बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपने कर्तव्य को निभाने और लोकतंत्र को मजबूत करने का आग्रह किया।

***************

राज्य के नौ जिलों में फैले चार लोक सभा सीटों के लिए सात हजार पांच सौ पंचानबे मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 64 लाख 38 हज़ार छत्तीस मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें सिंहभूम सीट के लिए 14 लाख 47 हज़ार 5 सौ 52 खूंटी के लिए 13 लाख 26 हज़ार 1 सौ अड़तीस, लोहरदगा के लिए 14 लाख, 41 हज़ार 3 सौ दो और पलामू के लिए 22 लाख 43 हज़ार 34 मतदाता वोट करेंगे। इनमें 32 लाख 29 हज़ार 39 महिला, 1 लाख 3 हज़ार 7 सौ 68 दिव्यांग, 35 हज़ार 235 पचासी साल से अधिक और 4 सौ 81 मतदाता 100 साल से अधिक उम्र के हैं। आज हो रहे इस चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है ।

***************

राज्य में चार सीटों के लिए आज हो रहे चुनाव में नौ महिला समेत पैंतालीस प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा। इनमें सिंहभूम सीट से चौदह, खूंटी से सात, लोहरदगा से पंद्रह और पलामू से नौ प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में सिंहभूम सीट पर भारतीय जनता पार्टी की गीता कोड़ा और झारखंड मुक्ति मोर्चा की जोबा मांझी, खूंटी सीट पर भारतीय जनता पार्टी के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, लोहरदगा सीट पर भाजपा के समीर उराव, कांग्रेस के सुखदेव भगत और निर्दलीय चमरा लिंडा तथा पलामू सीट पर भाजपा के वीडी राम, राष्ट्रीय जनता दल की ममता भुइयां और बसपा के कामेश्वर बैठा के बीच मुख्य मुकाबला है।

***************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में झारखंड के राजमहल, गोड्डा और दुमका सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस सिलसिले में आज गोड्डा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव पर्चा दाखिल करेंगे । इन तीन सीटों के लिए अब तक अठारह प्रत्याशी पर्चा भर चुके हैं ।

***************

गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रति आज से अठारह मई तक मतदान महोत्सव का आयोजन होगा। वहीं, जिलेभर् में स्वीप के तहत लगातार कई कार्यक्रम आयो़जित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कल खंडोली डैम परिसर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, हजारीबाग में भी मतदाता जागरुकता को लेकर कल हजारीबाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न माध्यमों से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

***************

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामगढ़ जिले में पचासी वर्ष से ज्यादा आयु के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया कल से शुरू हो गई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि पोस्टल बैलेट के जरिए होम वोटिंग दो चरणों में होगी। पहला चरण बारह से चौदह मई और दूसरा चरण सोलह सत्रह मई को चलेगा।

***************

खूंटी और लोहरदगा लोकसभा चुनाव को लेकर राजधानी रांची के मोरहाबादी में बनाए गए डिस्पैच सेंटर नहीं आने वाले छत्तीस मतदान कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इन मतदान कर्मियों की ड्यूटी मांडर और तमाड़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र पर लगाई गई थी। उपायुक्त– सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा ने इन सभी मतदान कर्मियों को शो कॉज जारी कर जवाब मांगा है।

***************

खूंटी लोकसभा सीट के लिए आज हो रहे मतदान को लेकर सुदुरवर्ती इलाकों में भी मतदाता भयमुक्त होकर अपने मतधिकार का प्रयोग करने आ रहे हैं।

***************

झारखंड में आज चार सीटों पर हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

***************

सर्वोच्च न्यायालय में आज पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें उन्होंने जमीन घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। यह सुनवाई न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की खंडपीठ में होगी। श्री सोरेन ने झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा तीन मई को जमानत याचिका खारिज किए जाने को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने भी दस मई को हेमंत सोरेन द्वारा अंतरिम जमानत के लिये दायर याचिका अस्वीकृत कर दी थी।

***************

प्रवर्तन निदेशालय की टीम बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, रांची में पदास्थापित जेलकर्मी अवधेश कुमार से आज पूछताछ करेगी। साहिबगंज जिले में एक हज़ार करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में गवाहों को प्रभावित करने के सिलसिले में यह पूछताछ होगी । इसके लिए ईडी ने सात मई को समन जारी किया था।

***************

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार, रांची का कल निरीक्षण किया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर इस टीम ने जेल अस्पताल, विधिक सहायता केंद्र, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष और ई– मुलाकात कक्ष का जायजा

लिया। इस दौरान उन्होंने कैदियों से मुलाकात कर जेल की व्यवस्था और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

***************

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र स्थित नौडीहा में कल हुए एक विस्फोट में तीन बच्चों समेत चार की मौत हो गई । इसमें पिता–पुत्र भी शामिल हैं। इस हादसे में घायल दो लोगों को इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल और एक को रिम्स रांची रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक कबाड़ व्यवसायी द्वारा अपने घर में कबाड़ उतारने के क्रम में यह विस्फोट हुआ। पूरे मामले की जांच जारी है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इस घटना गहरा शोक व्यक्त किया है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

***************

धनबाद जिला के मैथन में अंतर्राज्यीय चेकनाका पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान में एक कार से दो लाख रुपए बरामद किये। यह वाहन बंगाल से उत्तराखंड जा रहा था। आदर्श आचार संहिता को लेकर सभी चेकनाकों पर 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

***************

मौसम विभाग ने संताल और कोल्हान समेत राज्य के कई हिस्सों में आज तेज हवा के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान कहीं–कहीं वज्रपात की भी आशंका है। मौसम में बदलाव का असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद और गिरिडीह में विशेष रूप से अगले दो दिनों तक देखने को मिल सकता है। पंद्रह मई से एक बार फिर पारा चढ़ने से गर्मी बढ़ेगी।

***************

- हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के सलैनी कला गांव में बिजली करंट लगने से एक हाथी की मौत हो गई। इस इलाके में पिछले कुछ दिनों हाथियों का झुंड घूम रहा है।
- हजारीबाग में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा के मंडलीय सभा सह कार्यशाला में पांच जून को पौधरोपण तथा पन्द्रह जून को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।
- पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर दस मवेशियों के साथ दो पशु तस्करों को कल गिरफ्तार कर लिया।

***************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज झारखंड समेत देश की 96 सीटों पर मतदान की खबर राज्य के अधिकांश अखबारों की सुर्खियों में है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – खूंटी समेत झारखंड की 4 सीटों पर वोटिंग आज।

प्रभात खबर की सुर्खी है– मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का आलम, कल हाजिर होने का निर्देश।

पटना में पहली बार पीएम का रोड शो इस शीर्षक के साथ दैनिक भास्कर ने इससे जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पलामू में कबाड़ में विस्फोट से तीन बच्चें समेत 4 की गई जान, चार गंभीर, एक रिम्स रेफर।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा याचिका पर आज होनेवाली सुनवाई से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने केजरीवाल के 10 चुनावी गारंटी की घोषणा की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

***************